# जनसुनवाई में फूटा गुस्सा : खेल मैदान, नकली दवा और पुलिस बर्बरता पर कार्रवाई की मांग



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 3 फरवरी।** जिला मुख्यालय पर मंगलवार को हुई जनसुनवाई में ग्रामीणों, किसानों और राजनीतिक प्रतिनिधियों का आक्रोश खुलकर सामने आया। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए ज्ञापनों में जमीन कब्जा, नकली कृषि दवाओं के कारोबार और कथित पुलिस ज्यादती जैसे गंभीर मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की गई।

**खेल मैदान पर कब्जे का आरोप :** रन्नौद तहसील की ग्राम पंचायत धन्देरा से आए ग्रामीणों ने बताया कि गांव के बच्चों के लिए खेल मैदान तक नहीं है। उनका आरोप है कि शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। ग्रामीणों ने जमीन को मुक्त कराकर खेल मैदान विकसित करने की मांग रखी।

**नकली फंगीसाइड का मुद्दा गरमाया :** किसानों ने जिले में नकली कीटनाशक और फंगीसाइड की बिक्री को बड़ा घोटाला बताया। युवा प्रगतिशील किसान अतर सिंह रावत ने कहा कि फतेहपुर क्षेत्र में ब्लू कॉपर नामक नकली फंगीसाइड की खेप पकड़ी गई थी, लेकिन अब तक दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई। किसानों ने कृषि विभाग की भूमिका पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच और जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

**पुलिस पर मारपीट का आरोप:** बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधियों ने रन्नौद थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान कथित पुलिस बर्बरता का मामला उठाया। ज्ञापन में आरोप है कि 31 जनवरी को मनोज जाटव और उनके परिजनों के साथ मारपीट की गई, उल्टे उन्हीं पर केस दर्ज कर दिया गया। पार्टी ने निष्पक्ष जांच, झूठी एफआईआर निरस्त करने और संबंधित पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की।

# नरवर से 9 युवाओं को सुरक्षा जवान की नौकरी, आजीविका मिशन भर्ती अभियान तेज




**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 3 फरवरी।** ग्रामीण युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का प्रयास रंग ला रहा है। नरवर आजीविका मिशन कार्यालय में आयोजित भर्ती प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा जवान पद के लिए 9 बेरोजगार युवाओं का चयन किया गया। यह भर्ती अभियान भारत सरकार के पसारा एक्ट 2005 के तहत जीडीएक्स ग्रुप, नोएडा द्वारा संचालित किया जा रहा है।

अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को निजी क्षेत्र में सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराना है। चयनित युवाओं को अब औपचारिक प्रशिक्षण के बाद विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में नियुक्ति दी जाएगी। जिले में आगे भी भर्ती कैंप आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अनुसार 4 फरवरी को करैरा टीला रोड, 5 फरवरी बदरवास बीआरसी भवन, 6 फरवरी कोलारस, 9 फरवरी पिछोर, 10 फरवरी खनियाधाना और 11 फरवरी शिवपुरी 26 नंबर कोठी आजीविका मिशन ब्लॉक कार्यालय में कैंप लगाए जाएंगे। सभी कैंप सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक संचालित होंगे। सुरक्षा जवान पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास, आयु 19-45 वर्ष, ऊंचाई 168 सेमी तथा वजन 52 से 96 किलोग्राम निर्धारित है। सुपरवाइजर पद हेतु स्नातक व कंप्यूटर ज्ञान, आयु 21-40 वर्ष, ऊंचाई 170 सेमी और वजन 55 से 96 किलोग्राम अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को शैक्षणिक प्रमाणपत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति और दो पासपोर्ट फोटो साथ लाना होगा। चयनित उम्मीदवारों से 250 रुपये पंजीयन शुल्क लिया जाएगा। चयनित युवाओं को एनआईएमटी कैंपस स्थित प्रशिक्षण केंद्र में 15 दिन का आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत 18,000 से 22,000 रूपए प्रतिमाह वेतन, साथ ही पीएफ, बीमा, मेडिकल सुविधा, प्रमोशन अवसर, लोन सुविधा और रियायती आवास-भोजन जैसी सुविधाएं मिलेंगी। अधिक जानकारी के लिए भर्ती अधिकारी के मोबाइल नंबर 9289153551 एवं 9799414022 पर संपर्क किया जा सकता है।

# अंकल ! मैं भी पुलिस बनूंगी, नन्हीं तान्या के सपने ने एसडीओपी चतुर्वेदी का दिल छू लिया



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 3 फरवरी।** खाकी वर्दी की सख्त पहचान के बीच एक नन्हीं मुस्कान ने ऐसा पल रचा, जिसे देख हर चेहरा खिल उठा। स्थानीय पत्रकार राहुल अष्ठाना की छोटी बेटी तान्या की मुलाकात जब एसडीओपी संजय चतुर्वेदी से हुई, तो मासूमियत ने औपचारिकता की सारी दीवारें तोड़ दीं।

वर्दी में सजे अधिकारी को टकटकी लगाकर देख रही तान्या आखिर खुद को रोक नहीं पाई। उसने तोतली आवाज में कहा कि अंकल, मुझे भी आपके जैसा पुलिस अफसर बनना है। यह सुनते ही माहौल भावुक हो गया। वहां मौजूद लोगों के चेहरों पर मुस्कान थी, आंखों में अपनापन।

एसडीओपी श्री चतुर्वेदी ने भी एक सख्त अधिकारी की तरह नहीं, बल्कि स्नेही अभिभावक की तरह तान्या का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि बच्चों की आंखों में देश सेवा का सपना देखना सबसे सुखद अनुभव है। तान्या जैसी नन्हीं सोच ही सुरक्षित भारत का भविष्य है। यह पल सिर्फ एक मुलाकात नहीं, बल्कि भरोसे का संकेत था- खाकी अब डर नहीं, प्रेरणा भी बन रही है। सुभाषपुरा थाना प्रभारी एसआई राजीव दुबे ने भी कहा कि अगर बच्चों को सही मार्गदर्शन और प्रोत्साहन मिले, तो वे देश का नाम रोशन कर सकते हैं। नन्हीं तान्या की यह इच्छा याद दिलाती है कि सपनों की कोई उम्र नहीं होती, बस एक प्रेरणा काफी होती है।

# जारी हुए 8 पर्यवेक्षकों के तबादला आदेश

**नवभारत न्यूज**

**पोहरी 3 फरवरी।** महिला एवं बाल विकास विभाग, शिवपुरी में शासन के आदेशों की सात माह तक अनदेखी करने वाला मामला आखिरकार खबरों के दबाव में आ गया। नव भारत की खबर का असर देखने को मिला है। नाव भारत मे लगातार प्रकाशित समाचारों के बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी धीरेंद्र सिंह जादौन ने आज 8 पर्यवेक्षकों की नवीन पदस्थापना के आदेश जारी कर दिए।

उल्लेखनीय है कि 10 जून 2025 को मध्यप्रदेश शासन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय द्वारा जिले के भीतर 8 पर्यवेक्षकों के स्थानांतरण के आदेश जारी किए गए थे, लेकिन लंबे समय तक न तो किसी ने कार्यभार छोड़ा और न ही आदेशों को अमल में लाया गया। इस दौरान विभाग पर अफसरशाही की मनमानी और शासन की खुली अवहेलना के आरोप लगते रहे। लगातार खबरें प्रकाशित होने के बाद अंततः विभाग को कदम उठाना पड़ा और आज तबादला आदेश जारी किए गए।




**पर्यवेक्षकों की नवीन पदस्थापनाएं:** विमलेश लक्षकार (संविदा) कोलारस से बदरवास, अनिता शर्मा (संविदा) पोहरी से बदरवास, प्रज्ञा ज्योति गौतम पोहरी से कोलारस, शगुफ्ता खान (संविदा) कोलारस से पोहरी, श्वेता श्रीवास्तव बदरवास से पोहरी, मुस्कान जैन (संविदा) खनियाधाना से पिछोर, प्रियंका यादव खनियाधाना से पिछोर, शीतल शर्मा खनियाधाना से पिछोर पदस्थ की गई हैं। हालांकि आदेश जारी हो चुके हैं, लेकिन अब भी यह देखना शेष है कि क्या इस बार तबादलों का वास्तव में पालन होगा या फिर आदेश फाइलों तक ही सीमित रह जाएंगे।

# धवा की बावड़ी पर राम कथा एवं सत्संग प्रवचन में उमड़ा भक्तों का जन सैलाब



**नरवर 3 फरवरी।** नरवर नगर के श्री श्री 1008 हनुमान जी मंदिर दवा की बावड़ी ग्राम अंगोली चक अनाज मंडी के पास मगरोनी रोड पर बिगडत 1 फरवरी 2026 को गणेश पूजन एवं कलश यात्रा के साथ श्री राम कथा प्रारंभ होकर अनवरत रूप से जारी है आज कथा के तीसरे दिवस पर पूज्य श्री रूपकिशोर रामायणी जी ने राम कथा नगर के सैकड़ो भक्तों को श्रवण करवाई तथा युक्त राम कथा में राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता पूज्य दीदी प्रियंका भारती जी एवं परम पूज्य गोविंद शास्त्री जी महाराज वृंदावन धाम द्वारा श्री राम कथा का श्रवण भक्तों को कराया जा रहा है, संत श्री सुदामादास महाराज नरवर ,संत श्री नसीब दास महाराज ,मंदिर पुजारी संत श्री गोपाल दास जी महाराज मंच संचालक संत श्री दीवानगिरी जी महाराज ने नरवर के नरवर क्षेत्र के भक्तों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक कथा श्रवण कर अपने जीवन को धन्य बनाएं।

# पिपरिया खेड़ा में 4-5 को होगा दो दिवसीय ब्रह्मज्ञान महायज्ञ शिविर



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 3 फरवरी।** धर्म प्रेमी सज्जनों को सहर्ष सूचित किया गया है कि श्री प्राणनाथ ज्ञान केन्द्र, पिपरिया खेड़ा में दो दिवसीय ब्रह्मज्ञान महायज्ञ शिविर का आयोजन 04 से 05 फरवरी तक किया जा रहा है। इस आध्यात्मिक आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में श्री प्राणनाथ ज्ञानपीठ, सरसावा के संस्थापक पूज्य पाद श्री राजन स्वामी पधारेंगे। उनके साथ ज्ञानपीठ से आचार्य, विद्वान एवं संगीतकार भी उपस्थित रहेंगे।

शिविर के दौरान मानव जीवन के मूल और महत्वपूर्ण प्रश्नों पर गहन प्रकाश डाला जाएगा। इनमें मैं कौन हूं, कहां से आया हूं, शरीर और संसार छोड़ने के बाद जाना कहां है, जीव और आत्मा का मूल प्रियतम परब्रह्म परमात्मा कौन है, मुक्ति क्या है और मुक्ति प्राप्त करने के उपाय, परमात्मा एक होते हुए विभिन्न देवी-देवताओं की भक्ति का कारण जैसे विषय शामिल हैं। इसके अतिरिक्त परमात्मा का स्वरूप संसार में है या संसार से परे, स्वर्ग-बैकुंठ से परे परमात्मा कौन है, तथा ग्रह-नक्षत्रों का मानव जीवन पर प्रभाव जैसे प्रश्नों पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम का समय प्रातः 9 से 12 बजे, दोपहर 3 से 5 बजे तथा रात्रि 8 से 10 बजे निर्धारित किया गया है। आयोजकों ने समस्त धर्मानुरागी महानुभावों से करबद्ध प्रार्थना की है कि वे समय निकालकर इस ब्रह्मज्ञान शिविर में सहभागिता करें और मानव जीवन को सार्थक बनाएं।

# श्रमजीवी श्रमजीवी पत्रकार संघ के कृपाल सिंह सोलंकी बने नरवर ब्लॉक अध्यक्ष



**नरवर 3 फरवरी।** मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की जिला शिवपुरी इकाई की नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा बर्ष 2026 के लिए कर दी गई है प्रांताध्यक्ष शलभ भदोरिया ,प्रदेश उपाध्यक्ष मेहताबसिह तोमर के मार्गदर्शन में जिलाध्यक्ष अजय राज सक्सेना द्वारा कृपाल सिंह सोलंकी को नरवर तहसील का ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया है सोलंकी को नरवर ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाने पर नरवर तहसील के पत्रकार साथियों में खुशी का माहौल है, संगठन के पदाधिकारी एवं पत्रकार सदस्य साथियों ने विश्वास जताया है कि उनके दायित्व निर्वाहन से संगठन की आर्थिक व्यवस्था ओर मजबूत होगी , उन्होंने प्रांताध्यक्ष सलभ भदोरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष मेहताबसिह तोमर ,जिला अध्यक्ष अजय राज सक्सेना सहित समस्त वरिष्ठ पदाधिकारी एवं पत्रकार साथियों का हृदय से आभार व्यक्त किया तथा नरवर नगर के पत्रकार साथियों व जनप्रतिनिधिगणों ने उन्हें , नरवर ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं


**M.P. PASCHIM KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
GPH Compound, Pologround, Indore, Ph. No. : 0731-2426144, 2426204/116
(E-mail : sepurchase06@gmail.com, CIN-U40109MP2002SGC015121)
No. MD/WZ/06/PUR/NIT- 327/2311 Indore, Dated : 03.02.2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Online tenders are invited for following Material/Items/Services as per Tender Specifications :-

| TS No. | Particulars | Unit | Approx. Qty. | Online Tender Opening Date | Pre Bid Meeting Date |
|---|---|---|---|---|---|
| 1937 | Rate Contract Award (RCA) for Toner refilling of Computer Printers Services under various Branches/Sections at Corporate Office, MPPKVVCL, Indore for the period of One year | No. | 1200 | 24.02.2026 | NA |
| 1938 | Supply, Installation and Commissioning of LED Video Wall with Controller and Buy-Back, de-commissioning of old DLP Screen with Controller at DCC Control Room, MPPKVVCL, Indore | Set | 01 | 10.03.2026 | 24.02.2026 |
| 1939 | Supply, Installation & Commissioning of a Telephony Software for Centralized Call Centre-1912 at MPPKVVCL, Indore for the period of One year | No. | 01 | 17.03.2026 | 04.03.2026 |

For further detailed information visit website **http://www.mpwz.co.in** or **https://www.mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/124280/2026 **CHIEF ENGINEER (PURCHASE)**


# सेवा और संवेदना की मिसाल बने दिवाकर, मरीजों को फल वितरित



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 3 फरवरी।** जिला स्तरीय सीनियर उत्कृष्ट बालक शिक्षा केन्द्र शिवपुरी के अधीक्षक आरसी दिवाकर ने जिला अस्पताल पहुँचकर मरीजों को फल वितरित किए और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

इस कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. बीएस यादव सहित अस्पताल का स्टाफ भी उपस्थित रहा। मरीजों ने इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया। विद्यार्थियों को उपहार, मिठाइयाँ एवं शिक्षाप्रद सामग्री वितरित की गई। बच्चों ने अपने सरल और आत्मीय अंदाज़ में शिक्षक को शुभकामनाएँ देकर इस पल को और भी यादगार बना दिया। इस अवसर पर श्री दिवाकर ने कहा कि समाज में इस प्रकार की पहल यह संदेश देती है कि सच्ची खुशी और संतुष्टि दूसरों की मुस्कान में ही निहित है।

# जिले के कृषक बने गणतंत्र दिवस समारोह के विशिष्ट अतिथि



**शिवपुरी 3 फरवरी।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह 2026 के अंतर्गत जिले के कृषकों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विकासखंड पिछोर के ग्राम पारेश्वर निवासी कृषक अशोक त्रिपाठी एवं श्रीमती किरण त्रिपाठी, साथ ही विकासखंड बदरवास के ग्राम खाईखेड़ा निवासी कृषक बद्री जाटव एवं श्रीमती जानकी बाई का चयन किया गया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित इस विशेष समारोह में शामिल होकर कृषकों को देश के विभिन्न राज्यों से आए कृषकों एवं अधिकारियों से मिलने तथा उनके अनुभवों को जानने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में सहभागी कृषक अशोक त्रिपाठी ने बताया कि यह अनुभव उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। समारोह में शामिल कृषकों को विशिष्ट अतिथि के रूप में शील्ड, जैकेट, रेनकोट सहित अन्य सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान की गई। दोनों विकासखंडों के कृषकों के चयन एवं राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में उनकी सहभागिता से कृषि विभाग ने गौरव की अनुभूति व्यक्त की है। उप संचालक कृषि पान सिंह करौरिया ने समाचार पत्रों के माध्यम से जिले के कृषकों को संदेश देते हुए कहा कि कृषक कृषि क्षेत्र में नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्य करें, जिससे उन्हें भी विभिन्न स्तरों पर सम्मान प्राप्त करने का अवसर मिल सके।


**मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड**
मुख्यालय, भोपाल
क्रमांक/गु.नि./1083592/2026/452 भोपाल, दिनांक : 03.02.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**कार्पोरेशन द्वारा उपार्जित खाद्यान्न के गुणवत्ता निरीक्षण हेतु Artificial Intelligence based automatic food grain analysers with integrated automatic moisture meter for quality assaying of food grains and other notified commodities के Rental Base पर आपूर्ति, स्थापना, मरम्मत आदि कार्य हेतु एजेंसी नियोजन के लिए**

कार्पोरेशन द्वारा समर्थन मूल्य पर प्रदेश में गेंहू, धान एवं अन्य उपजों के गुणवत्ता निरीक्षण हेतु Artificial Intelligence based automatic food grain analysers with integrated automatic moisture meter for quality assaying of food grains and other notified commodities के Rental Base पर आपूर्ति, स्थापना, मरम्मत आदि कार्यों के निष्पादन के लिए एजेंसी की नियुक्ति हेतु पात्र निविदाकारों से ऑनलाइन ई-निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती हैं। इस हेतु पात्र सेवा प्रदाताओं से निर्धारित निविदा दस्तावेज जिसमें निविदा कार्यक्रम (समय-सीमा), निर्देशों, शर्तें, नियमों प्रावधान का विस्तृत उल्लेख है, अनुसार आमंत्रित हैं।

निविदा दस्तावेज, नियम एवं शर्तों आदि का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** एवं **www.mpscsc.mp.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा दस्तावेज एवं निविदा प्रक्रिया ऑनलाइन भरने हेतु संबंधित तकनीकी सहयोग व स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु टोल फ्री नंबर 0120-4001002, 0120-4001005, 0120-4200462 एवं 0120-6277787 पर संपर्क कर सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/124293/2026 **महाप्रबंधक (गु.नि.)**



BAJAJ FINANCE

**सोने के गहनों की नीलामी के लिए समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना**
**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालयः मुंबई - पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे - 411035**

BFL सभी ऋणियों और सर्वसाधारण को सूचित करता है कि गोल्ड लोन लेते समय ऋणी ने बतौर सेक्युरिटी अपने लोन खाते में सोने के गहने गिरवी रखे और बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद जो ऋणी लोन की राशि चुकाने या आवश्यक मार्जिन देने में विफल रहे उनके गहने 'जहां है जैसा है और जो है जैसा है' आधार पर नीलाम किए जाएंगे। निविदा करने वालों से अनुरोध है कि नीचे दी गई शर्तों का पालन करें:

(क) क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (लोन, गहनों का सकल वजन, स्थान और नीलामी की तिथि) की सम्पूर्ण जानकारी देखें।
(ख) सार्वजनिक नीलामी से संबंधित निविदा के सभी नियम और शर्तें ("टी एण्ड सी") वेबलिंक http://172.30.1.235:3000/?WOUB2QG9WU के माध्यम से पढ़ें;
(ग) नियम और शर्तें समझ लें और उसके बाद ही नीलामी की तिथि या उससे पहले बतौर अग्रिम जमा राशि रु.25,000 फंड ट्रांसफर (एनईएफटी/आरटीजीएस/बजाज गोल्ड ऑक्शन ऐप) कर दें;
(घ) नीलामी के स्थान पर सुबह 10 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज करें; तथा
(ङ) नीलामी के स्थान पर अपना पहचान और पते का वैध प्रमाण लेकर आएं।
(च) नीलामी की दिन में दोपहर 12 बजे के बाद नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
(छ) शाखा प्रबंधक/नीलामीकर्ता को बोली लगाने वालों की भागीदारी स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है, यदि वे निर्धारित समय सीमा में भाग नहीं लेते हैं, चाहे वे अग्रिम राशि जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान कर चुके हो।

स्कैन करें

नीलामी के स्थान और तिथि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो उसकी सूचना नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित की जाएगी। आपका निविदा करना उपरोक्त शर्तों पर सहमत होना माना जाएगा। यदि सार्वजनिक नीलामी से बिक्री निलंबित/निरस्त होती है तो बीएफएल ऋणी(ऋणियों) के कहने पर निजी तौर पर गहनों की बिक्री करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है। अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे इस ईमेल आईडी पर संपर्क करे - gold.auction@bajajfinserv.in

(11-03-26) **बैतूल - शर्मा कॉम्प्लेक्स**; PCA4GOL15808770, 16145814. **भोपाल - इमामी गेट**; PF46GOL15573721, 15875688. **भोपाल - इंद्रपुरी**; PF49GOL15584437, 15897350. **भोपाल - करोंद**; PJD2GOL16127439. (12-03-26): **ब्यावरा - पुराना एबी रोड**; PMN3GOL16150584. **बीना - इटावा स्टेशन रोड**; PCA6GOL15800738, 16025696. **छिंदवाड़ा - परासिया रोड**; PEQ1GOL16035875, 16076875. **डाबरा - मेन रोड**; PKH4GOL14579120, 15605003. (13-03-26) **देवास - एबी रोड**; PGG2GOL15735644, 16006377, 16070938. **गंज बासौदा - मेन रोड**; P02WGOL16119395. **गुना - एबी रोड**; PEH2GOL15866256, 16056220. **ग्वालियर - सिटी सेंटर**; PCA7GOL15667137, 15782758, 15797195, 15827593, 15985595, 16136917, 16141688. (16-03-26) **ग्वालियर - गोले का मंदिर**; PJD1GOL15642146, 15893717, 16030003, 16126221. **ग्वालियर - मुरार**; PHF9GOL16054246. **ग्वालियर - नया बाज़ार**; PF25GOL15691506, 15718339, 15775882, 15785664, 15886550. **ग्वालियर - विनय नगर**; PEF2GOL15598844, 15687142, 15717430, 15844958, 15864859, 15989080, 16025492, 16056404. **हरदा - बाफना टॉवर**; PCA8GOL16109028, 16119577. (17-03-26) **होशंगाबाद - मीनाक्षी चौक**; PCA9GOL14377792, 15763196, 15781880, 15847333, 15894393. **इंदौर - विजय नगर**; PGJ9GOL15963352, 16150260. **इटारसी - सराफा बाज़ार** P03WGOL15623451, 15692557, 15876989, 15933627, 15962645, 16010639, 16151740. **जबलपुर - दीनदयाल चौक**; PEH4GOL15854729, 16142036. (18-03-26) **जबलपुर - राइट टाउन**; PGO3GOL14532267, 14606686, 14831435, 14896862, 15621766, 15891553, 15891068, 16006311, 16052989, 16057497. **खंडवा - शिवाजी चौक**; PCP1GOL15813074, 15854362, 16104582. **खरगोन - जवाहर मार्ग**; PJC9GOL15888509, 16147754. **महू - हरि फाटक**; PMN4GOL15993743. (19-03-26) **मुरैना - शिवनगर**; PJC8GOL15601620, 15669224, 15658273, 15692773, 15824098, 16075480, 16121082, 16144977. **नरसिंहपुर** - BGL; P6Y8GOL15602314, 15660502, 16140797. **रीवा** - BGL; P4A7GOL15616665, 15642848, 15700193, 15740707, 15757268, 15834765, 15994366, 16117851. **सागर - परकोटा**; PLL1GOL15577668. (20-03-26): **सीहोर - सेकड़ाखेड़ी रोड**; PCP3GOL16036278. **शहडोल** - BGL; P6E0GOL15578496, 15696315, 16017791, 16141611. **श्योपुर - शिवपुरी रोड**; PLC3GOL15600350, 15781911, 15837325, 15965524, 16141458. **शिवपुरी - एबी रोड**; PEH3GOL15718855.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**